**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**19.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में जल्द शुरू होंगी रोबोटिक सर्जरी सेवाएं– विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जनों की होगी भर्ती।
- वन भूमि पर सेब पौधों के कटान मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाएगी राज्य सरकार।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्य में तेज़ी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लेने के लिए केंद्रीय दल मंडी पहुंचा– धर्मपुर क्षेत्र में किया नुकसान का आकलन।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में स्वास्थ्य विभाग की एक बैठक में उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जनों की भर्ती के लिए एक प्रस्ताव जल्द ही मंत्रिमंडल के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और चिकित्सा महाविद्यालयों व अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला के चमियाणा स्थित अत्याधुनिक अस्पताल में एम्स की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाओं प्रदान की जाएंगी।

## जगत सिंह नेगी

राज्य सरकार वन भूमि पर सेब के पौधों के कटान के मामले में उच्च्तम न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाएगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर सेब के पौधे काटे जा रहे हैं और इससे काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि सेब के पौधे न कटे, लेकिन अदालत राज्य सरकार की याचिका को नहीं मान रही है।

***हाई कोर्ट जो है इस बात को जो हमारे जो याचिका है उस बात को मान नहीं रहे, उससे अब ये है कि उनके ऑर्डर के हिसाब से पेट कटने कटने हैं, जिनमें कोई 40 40, 50–50 पेठी सेब भी है और बहुत बड़ा कैनोपी होता है एक पेड़ का सेब का तो उसको काटने के बाद हमारे पास कोई तरीका नहीं है कि उसको कैसे कहां पर उसको डिस्पोज करें तो इस बात को लेकर सरकार में बहुत चर्चा हुई है, चिंता भी सरकार चाहते हैं कि यह पेड़ ना कटे, क्योंकि पेड़ के कटने से कई किस्म का नुकसान होने का अंदेशा है. जो सेब के पेट काटने***

***से संबंधित ऑर्डर है, दूसरा जो परिभाषा है, फॉरेस्ट का जो डेफिनेशन है, उसके कारण हमारा जो है यहां पर हिमाचल में यहां तक कि जो बंजर जमीन है उसको भी फॉरेस्ट कमाना है, अगर वहां से हमें कोई रिलीफ मिल जाएगा, कम से कम कुछ जमीन हमारे पास होगी, जिसमें हम जो लोग जिनकी जमीन जो है बह गए हैं, उनको बदले में दे सके या कोई ऐसी पॉलिसी बना सके जिसमें हम बागवानी कर सके।***

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित विकास योजनाओं के कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। ऊना में आज ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अनुराग ठाकुर ने सांसद निधि से मंजूर किए गए सभी कार्यों को इस वर्ष दिसंबर तक पूरा करने को कहा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में अरबों रूपए के विकास कार्य चल रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने ऊना ज़िले के मलाहत में बन रहे पीजीआई सैटेलाईट सैंटर के कार्य में देरी पर नाराज़गी जताते हुए निर्माण एजेंसी को इस वर्ष दिसंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

**अग्निहोत्री**

राज्य सरकार ने ऊना ज़िले के हरोली में सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय में 60 बिस्तरों वाले बालिका छात्रावास के निर्माण के लिए लगभग 5 करोड़ रूपये मंजूर किए हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि सरकार बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि छात्रावास के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिलेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली कॉलेज भवन के निर्माण पर लगभग 16 करोड़ रूपये की लागत आई है।

**केंद्रीय दल**

भारी वर्षा से हुए नुकसान का जायज़ा लेने के लिए एक केंद्रीय दल आज मंडी पहुंचा। सात सदस्यीय केंद्रीय दल ने धर्मपुर क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। इस दल में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने केंद्रीय दल को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की जानकारी दी और राहत व पुनर्वास कार्य से अवगत कराया। ये दल कल थुनाग, जंजैहली और करसोग सहित अन्य क्षेत्रों में भारी वर्षा से हुए नुकसान का आकलन करेगा।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र की कुठाड़ी पंचायत के टूटूपानी में लगभग 7 करोड़ रूपये से बने सेब ग्रेडिंग और पैकिंग हाऊस का उद्‌घाटन किया। इसकी क्षमता 5 हज़ार 6 सौ टन है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इसका निर्माण विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित बागवानी विकास योजना के तहत किया गया है और गुम्मा, रोहड़ू, कुमारसैन और किन्नौर में विभिन्न कोल्ड स्टोर बनाए जा चुके हैं। बाद में शिक्षा मंत्री ने राजकीय उच्च विद्यालय नालबान भवन का उद्‌घाटन भी किया।

## मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में आज भी रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी रहा। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 लोग लापता हैं। प्रदेशभर में भूस्खलन से एक सौ 46 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जबकि 28 बिजली लाईनें और 58 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। मंडी ज़िले में सबसे अधिक 94 सड़कों पर यातायात प्रभावित है। इस बीच मौसम विभाग ने 20 से 24 जुलाई तक राज्य के अनेक भागों में भारी वर्षा की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 21 और 22 जुलाई को सोलन, शिमला, मंडी, सिरमौर और कांगड़ा ज़िले में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि इस दौरान ऊना, बिलासपुर और चंबा ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

## अंशदान

प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की पैंशनर एसोसिएशन ने मंडी ज़िले में आपदा प्रभावितों की मदद के लिए बर्तन, कंबल और अनेक खाद्य वस्तुएं भेजी हैं। एसोसिएशन के महासचिव नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि ये सामग्री सीधे मंडी के उपायुक्त को दी गई है।

## परिवहन सब्सिडी

कामधेनु हितकारी सोसायटी से जुड़े दूध उत्पादकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर दुग्ध समितियों के लिए परिवहन सब्सिडी डेढ़ रूपये से बढ़ाकर 3 रूपये प्रति लीटर करने पर उनका आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस निर्णय से सोसायटी से जुड़े लगभग 6 हज़ार परिवार लाभान्वित होंगे और राज्य सरकार दूध उत्पादकों को परिवहन सब्सिडी प्रदान करने वाली देश की पहली सरकार है।

## दुर्घटना

शिमला ज़िले में कोटखाई इलाके के रावला–क्यार संपर्क सड़क पर बघैड़ी में एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से 3 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में बडोन गांव के प्रमोद और उनकी पुत्री शालू शामिल हैं, जबकि तीसरे मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उधर किन्नौर ज़िले की कामरू पंचायत में एक गाड़ी के खाई में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान सांगला गांव के चरण सिंह नेगी के रूप में की गई है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में जल्द शुरू होंगी रोबोटिक सर्जरी सेवाएं– विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जनों की होगी भर्ती।
- वन भूमि पर सेब पौधों के कटान मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाएगी राज्य सरकार।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्य में तेज़ी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लेने के लिए केंद्रीय दल मंडी पहुंचा– धर्मपुर क्षेत्र में किया नुकसान का आकलन।

....................................................................................................................................................